आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-107 कटनी ● गुरुवार, 20 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### घर पर ही करें संक्रमण की जांच



**नई दिल्ली।** आईसीएमआर ने एक ऐसी जांच किट को मंजूरी दी है जिसकी सहायता से लोग घर बैठे ही कोरोना की जांच कर सकेंगे।ने रैपिड एंटीजन टेस्ट किट को मंजूरी दी। इसके जरिये घर में ही नाक के जरिए जांच का सैंपल लिया जा सकेगा। इस किट का इस्तेमाल कोरोना के हल्के लक्षण या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोग कर सकते हैं। इस टेस्टिंग किट को पुणे की मायलैब डिस्कवरी सोल्यूशंस लिमिटेड ने तैयार किया है।

### 4 घंटे बैंक में सिर्फ चार काम होंगे



देश में संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बैंकों के शीर्ष संगठन इंडियन बैंक्स एसोसिएशन यानी आईबीए ने सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक ही बैंक खोलने की सलाह दी है। मालूम हो कि देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने यह नियम लागू कर दिया है। कैश निकासी या कैश जमा चेक की सुविधा ड्राफ्ट, आरटीजीएस और एनईएफटी सरकारी चालान से जुड़े काम ही बैंकों में होंगे

# कई देशों में कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद पाबंदियों के हटने का सिलसिला शुरू

**पेरिस, एजेंसियां।** यूरोपीय देशों में कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद अब पाबंदियों के हटने का सिलसिला शुरू हो गया है। फ्रांस में छह माह से बंद पड़े काफी हाउस और रेस्टोरेंट शुरू कर दिए गए। आस्ट्रिया में भी होटलों को अतिथियों के लिए खोल दिया गया है। फ्रांस में छह माह से चल रही पाबंदी को कई चरणों में खोला गया है। पहले सात बजे के स्थान पर नौ बजे से कर्फ्यू किया गया। उसके बाद संग्रहालय, सिनेमाघर और खुले स्थानों पर चलने वाले काफी हाउस भी बुधवार को खोल दिए गए। काफी हाउस खोलने के पहले दिन राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री जीन कास्टेक्स एक काफी के टैरेस में बातचीत करते नजर आए। कई यूरोपीय देशों में खुले रेस्टोरेंट फिल्म अभिनेत्री इमैनुएल बेअर्ट सिनेमाघर गईं, जहां उनकी फिल्म लगी थी फ्रांस ही नहीं यूरोप में इटली, बेल्जियम, हंगरी व आस्ट्रिया में भी खुले स्थानों पर चलने वाले रेस्टोरेंट खोल दिए गए हैं। फ्रांस में अब भी रात 11 बजे से कर्फ्यू लगाने की योजना है। फ्रांस की चालीस फीसद वयस्क आबादी कम से कम एक डोज वैक्सीन लगवा चुकी है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने गैर



यूरोपीय यात्रियों को भी अब छूट देना शुरू कर दिया है। पहले ये छूट वैक्सीन लगे यात्रियों को दी जा रही है। आस्ट्रिया में भी छह माह बाद होटलों को खोल दिया गया है। ग्राहकों के लिए अभी मास्क और शारीरिक दूरी की अनिवार्यता रहेगी। यहां इनडोर में डेढ़ हजार और आउटडोर में तीन हजार लोग कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। बार, रेस्टोरेंट भी खुल गए हैं। अमेरिका के राज्यों में जहां कोरोना संक्रमण की स्थिति ज्यादा थी, वहां भी अब ढील दी जाने लगी है। न्यूयॉर्क ऐसा ही स्थान था, अब यहां भी रेस्टोरेंट, क्लब, स्टोर और जिम खोल दिए गए हैं। अभी यहां मास्क लगाए रहना होगा। नेपाल-यहां पर वेरिएंट बी.1.612.2 के मामले मिल रहे हैं। अब तक नेपाल में कोरोना के तीन वेरिएंट मिल चुके हैं। ब्राजील-हर रोज मरने वालों की संख्या ढाई हजार है। 24 घंटे में 75 हजार नए मामले सामने आए हैं। पाकिस्तान-चौबीस घंटे में कोरोना के 32 सौ नए मरीज मिले। 104 लोगों की मौत हुई। रूस में एक दिन में लगभग आठ हजार नए मरीज मिले हैं। 390 संक्रमितों की मौत हो गई। राजधानी मास्को सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है।

## क्विक अपडेट



### रेत से दिखता हर शव का कपड़ा कहता है, कि उसी रेत में सर दफनाए मोदी सिस्टम रहता है!

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गंगा में बहते शव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, गंगा मां की रेत से दिखता हर शव का कपड़ा कहता है, कि उसी रेत में सर दफनाए मोदी सिस्टम रहता है!

### आपत्तिजनक ट्वीट करने पर शरजील उस्मानी की बढ़ी मुसीबत



**मुंबई।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता शरजील उस्मानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस ने उस्मानी ओर से कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जालना के अम्बेड़ निवासी अंबादास अम्भोरे का आरोप है कि उस्मानी ने ट्विटर पर कुछ पोस्ट किए हैं, जिसमें भगवान राम के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची।

### जिस आईपीएस पर यौन उत्पीड़न का आरोप, उसे ही सौंप दी जिले की जिम्मेदारी

**गुवाहाटी।** हमारे का देश का सिस्टम ही अलग है। यहां जिस शख्स पर तमाम आरोप होते हैं, वह खुलेआम घूमता रहता है। वहीं, निर्दोष अक्सर अपनी जिंदगी सलाखों के पीछे बिता देते हैं। ऐसा ही एक मामला असम में सामने आया है। यहां उस आईपीएस अफसर को एक जिले का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बना दिया गया, जिस पर 13 साल के नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। पहले यह अफसर गुवाहाटी में तैनात था।

### विवाहिता को तेजाब पिलाया

**सिकंद्राबाद।** थाना नीमगांव क्षेत्र के एक गांव में ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को तेजाब पिला दिया। पीड़िता ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने उसे जबरन तेजाब पिला दिया। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि आरोपी घर में ताला लगाकर भागे हुए हैं।

# सावधान
# हवा में 10 मीटर आगे तक फैल सकता है कोरोना वायरस, सरकार ने भी माना

## संक्रमित व्यक्ति के सांस छोड़ने, बोलने, गाने, हंसने, खांसने और छींकने से वायरस



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस हवा से भी फैल सकता है। अब सरकार ने भी पूरी तरह से यह मान लिया है। सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मुताबिक, एयरोसोल और ड्रॉपलेट्स कोरोना वायरस के फैलने के प्रमुख कारण हैं। कोरोना से संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स हवा में दो मीटर तक जा सकते हैं, जबकि एयरोसोल उन ड्रॉपलेट्स को 10 मीटर तक आगे बढ़ा सकता है और संक्रमण का खतरा पैदा कर सकता है। यहां तक कि एक संक्रमित व्यक्ति जिसमें कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं, वह वायरल लोड बनाने लायक पर्याप्त ड्रॉपलेट्स छोड़ सकता है जो कई अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसका मतलब साफ है कि अब कोरोना से बचने के लिए 10 मीटर की दूरी भी काफी नहीं है। वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मुताबिक, संक्रमित व्यक्ति के सांस छोड़ने, बोलने, गाने, हंसने, खांसने और छींकने से लार और नाक से निकलने वाले स्राव में वायरस निकलता है, जो दूसरों को भी संक्रमित कर सकता है। इसलिए संक्रमण के इस चेन को तोड़ने के लिए कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर का पालन करना बहुत ही जरूरी है। मास्क पहनें, सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाएं और हाथ धोते रहें।

### जानलेवा हैप्पी हाइपोक्सिया

देश में कोरोना वायरस की वजह से मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच कोरोना संक्रमितों के लिए हैप्पी हाइपोक्सिया भी जानलेवा बन गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इसकी वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। हाल ही में मीडिया से बातचीत में गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कोविड वार्ड के इंचार्ज डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया कि हैप्पी हाइपोक्सिया के मरीजों को बुखार और खांसी की कोई शिकायतें नहीं हैं, लेकिन अचानक उनकी सांस फूलने लगती है और ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता जिस वजह से उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है और मौत भी हो जाती है।

**एयरोसोल और ड्रॉपलेट्स कोरोना वायरस के फैलने के प्रमुख कारण हैं। अब सरकार भी इसे लेकर गंभीर हो गई है।**

**संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स हवा में दो मीटर तक जा सकते हैं, जबकि एयरोसोल उन ड्रॉपलेट्स को 10 मीटर तक आगे बढ़ा सकता है।**



### 37 शव बरामद, 38 लोगों की तलाश

**मुंबई।** चक्रवाती तूफान 'ताऊ ते' कारण मुंबई के पास समुद्र में फंसे जहाज (बार्ज- पी305) में सवार लोगों में से अभी तक 37 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं बचान दल को अभी भी 38 लोगों की तलाश है। गुरुवार देर रात 11 नाविकों के शव मुंबई के तट पर लाए गए। तूफान आने के चार दिन बाद भी आज नौसेना का रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। 55 घंटे के बाद भी नेवी के बचाव दल को 38 लोगों की तलाश है, जिनके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### अम्फान जैसी तबाही ला सकता है चक्रवात यास

चक्रवात ताउते ने महाराष्ट्र और गुजरात में भारी तबाही मचाई। तटीय राज्य इससे उबर भी न पाए थे कि एक और चक्रवात यास का खतरा मंडरा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात यास के 26-27 मई को पूर्वी तट पर पहुंचने का अनुमान है। यह चक्रवात अम्फान से भी ज्यादा तबाही मचा सकता है। पश्चिम बंगाल सरकार और ओडिशा सरकार ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है।

## जीवन बचाने के साथ-साथ जीवन को आसान बनाए रखना भी जरूरी-पीएम मोदी





**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना के हालात पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि गांवों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। संक्रमण से हर हाल में गांवों को बचा कर रखना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मौजूदगी से ग्रामीणों का मन बदलता है। लोगों के अंदर साहस आता है। कई सामाजिक संगठन भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस दौरान जिलाअधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि देश में एक्टिव केस कम जरूर हुए, लेकिन चिंता कम नहीं हुई है। यह संक्रमण लगातार अपने स्वरूप बदल रहे हैं, महामारी से निपटने में निरंतर बदलाव जरूरी है। जिलों की चुनौतियां बहुत है, इसलिए समाधान भी उसी तरह के होने चाहिए। जिलाधिकारियों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस संकट में जीवन बचाने के साथ साथ जीवन को आसान बनाए रखना भी जरूरी है। गरीबों को मदद मिलती रहनी चाहिए। साथ ही दवाओं और उपकरणों की कालाबाजारी पर रोक लगे। 100 साल के इतिहास में ऐसी महामारी नहीं आई थी, लेकिन मुझे भरोसा है आप सभी जिलाधिकारियों पर कि ठोस रणनीति और अच्छी प्लानिग के जरिए आप संक्रमण पर विजय पाएंगे।

## नकली इंजेक्शन मामले से पुलिस की बढ़ी साख

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना संक्रमण की शुरुआत में जबलपुर पहुंचे एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने सोचा भी नहीं था कि उन्हें लगातार इतनी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन की जानकारी सामने के बाद सिटी अस्पताल का मामला कहां जाकर ठहरेगा इस पर सवाल खड़े हो गए थे और पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी थी परंतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के दृढ़ निश्चय ने मामले को अंजाम तक पहुंचाने की ओर बढ़ चुका है। पूछताछ में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त थीं। परतें खुलतीं गयीं, आरोपी बंधते गए,प्रकरण में साक्ष्य मिलते गए। इसमें एसपी श्री बहुगुणा की भूमिका महत्वपूर्ण है। जबलपुर के लोगों को अब विश्वास हो चला है कि पुलिस मामले को अंजाम तक पहुंचाकर ही रहेगी। उल्लेखनीय है कि मामले में नगर के विधायक भी पुलिस पर जवाबदारी की बात कहते दिखे। अब पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा के मार्गदर्शन में जिस तरह से मामलों को सुलझाया जा रहा है उससे संस्कारधानी के नागरिकों का पुलिस पर विश्वास गया है।



**मैं हूं ना, वाक्य ने संस्कारधानीवासियों और पुलिस जवानों में भरी सकारात्मक उर्जा**

### मातहतों का बढ़ाया हौसला

कोरोना काल में पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा ने शहर से लेकर गांव तक घूम-घूमकर ना केवल नागरिकों को इस महामारी से बचाव के लिए जागरूक किया,बल्कि सभी थानों और चौकियों तथा प्वाइंटों में जाकर वहां तैनातअधिकारियों कर्मचारियों की पीठ भी थपथपाई। चौबीस घंटे ड्यूटी पर डटे रहनेवाले उनके जवान संक्रमण काल में जिस तरह से लोगों की जान बचाने केसाथ-साथ कर्तव्यपरायण के लिये अपनी जान को भी दांव पर लगा रहे थे जिससेवे भी काफी दबाव महसूस कर रहे थे। लेकिन इस दबाव को श्री बहुगुणा नेजवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खत्म किया, जिससे खाकी ने पूरी उर्जाव सकारात्कता के साथ लोगों मोर्चासंभालकर लोगों को संक्रमित होने से बचाया।

## ब्लैक फंगस की जांच और इलाज में भी इंदौर को नेतृत्व करना चाहिए- शिवराज




**इंदौर।** सीएम शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए इंदौर पहुंचे है। वे एयरपोर्ट से सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां आपदा प्रबंधन समूह में शामिल जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वे बैठक ले रहे है। सीएम ने बैठक में कहा कि कोरोना की दवाइयों के भी साइड इफेक्ट होते ही हैं। ब्लैक फंगस की जांच बहुत आसान होती है, इसमें नेचर इंडोस्कोपी होती है। छोटा सा उपकरण आता है, इसकी व्यवस्था शासकीय और निजी दोनों अस्पतालों में हो सकती है। ब्लैक फंगस की जांच और इलाज में भी इंदौर को नेतृत्व करना चाहिए। सीएम शिवराज इंदौर संभाग के विकासखंड और ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। उन्होंने इंदौर आने से पहले ही अधिकारियों को और जनप्रतिनिधियों से ट्वीट कर अनुरोध किया था कि वे एयरपोर्ट पर न आएं, हम लोग निर्धारित बैठकों में मिलकर चर्चा करेंगे। उन्होंने अधिकारियों के लिए यह भी लिखा कि आप प्रोटोकाल को लेकर न उलझें। इस समय संक्रमण को रोकना हम सबके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अतः कोविड प्रोटोकाल का पालन करें।

### 2110 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज

इंदौर में बुधवार को कोरोना 10156 संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांचे गए जिसमें से 1072 मरीज पाजिटिव आए। बुधवार देर रात जारी बुलेटिन के मुताबिक अब तक 1365705 सैंपलों की जांच की जा चुकी हैं इनमें से 142672 पाजिटिव पाए गए। बुधवार को 2110 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए। अब तक स्वस्थ होकर घर जाने वालों की संख्या 130003 हो चुकी है। फिलहाल 11383 कोरोना पाजिटिव मरीजों का इलाज चल रहा है। बुधवार को संक्रमण से 5 व्यक्तियों की मौत हुई।

# केस बढ़े, लेकिन मौत की संख्या घटी

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना महामारी का प्रकोप अब भी जारी है। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 2,76,110 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,57,72,440 हो गई। वहीं, संक्रमण से 3,874 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 2,87,122 हो गई। देश में चार दिन बाद 24 घंटे में संक्रमण से मौत के चार हजार से कम मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार (20 मई) को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में भी कमी आई है और अभी कोरोना



वायरस से संक्रमित 31,29,878 लोगों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 12.14 प्रतिशत है।

**दो लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त**

आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 2,23,55,440 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 86.74 प्रतिशत है। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.11 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख के पार गए। वहीं, 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार और चार मई को दो करोड़ के पार चले गए।

## कमलनाथ ने बुलाई विधायकों की बैठक

**भोपाल।** कांग्रेस नेता उमंग सिंगार पर आत्महत्या के लिए दुश प्रेरित करने की का मामला गरमा का जा रहा हैं। दरअसल, बीते दिनों उमंग सिंघार के बंगले में एक महिला मित्र सोनिया भारद्वाज ने आत्महत्या कर ली। महिला ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उमंग सिंघार का नाम लिखा हैं। महिला ने सुसाइड नोट में परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही हैं। पुलिस इस मामले में साफ तौर पर कह रही है कि उसके पास पर्याप्त साक्ष्य सबूत हैं वहीं मृतका के बेटे का कहना है कि उमंग को गलत फंसाया जा रहा है और वे उसके लोकल गार्जियन की तरह है लिहाजा केस वापस होना चाहिए। इसी बीच कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह से उमंग सिंघार के समर्थन में उतार आई हैं इस मामले को लेकर आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के श्यामला हिल्स स्थित आवास पर दोपहर 12 बजे बैठक बुलाई गई जिसमें कांग्रेस के लगभग 30 विधायक इकट्ठे थे जिनमें ज्यादातर आदिवासी विधायक हैं और यह सब मिलकर उमंग के पक्ष में क्या किया जा सकता है इस बारे में रणनीति बनाएंगे।







# 26 मई को साल का पहला चंद्रग्रहण भारत के कुछ हिस्से में दिखाईदेगा

**वेब डेस्क।** साल 2021 का पहला ग्रहण चंद्रग्रहण होगा। साल का पहला चंद्रग्रहण वैशाख पूर्णिमा यानी 26 मई को लगने जा रहा है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो दुनिया भर के कई देशों में दिखाई देगा। आइए बताते हैं कि भारत में कब और कहां दिखाई देगा चंद्रग्रहण... चंद्रग्रहण 26 मई, 2021 दिन बुधवार को वृश्चिक राशि और अनुराधा नक्षत्र में लगेगा। चंद्रमा पर आंशिक ग्रहण दोपहर में करीब सवा तीन बजे शुरू होगा और शाम को 7 बजकर 19 मिनट तक रहेगा।

पूरब में 26 मई की शाम आसमान पर पूर्ण चंद्रग्रहण के ठीक बाद एक दुर्लभ विशाल व सुर्ख चंद्रमा (सुपर ब्लड मून) नजर आएगा। एम पी बिरला तारामंडल के निदेशक एवं प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक देबीप्रसाद दुआरी ने बुधवार को बताया कि कोलकाता में आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण 10 साल पहले, 10 दिसंबर 2011 को दिखा था। दुआरी ने कहा कि 26 मई की रात को, सूर्य, धरती और चंद्रमा इस तरह से एक सीध में होंगे कि धरती से यह पूर्ण चंद्रमा के रूप में नजर आएगा और कुछ समय के लिए इसपर ग्रहण भी लगा होगा। चंद्रमा धरती के आस-पास चक्कर लगाता हुआ कुछ पल के लिए धरती की छाया से गुजरेगा और पूरी तरह से इसपर ग्रहण लग जाएगा। पूर्वी एशिया, प्रशांत महासागर, उत्तरी व दक्षिण अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों और ऑस्ट्रेलिया से पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में पूर्ण ग्रहण के दौरान चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से नीचे होगा और इसलिए देश के लोग पूर्ण चंद्रग्रहण नहीं देख पाएंगे। लेकिन पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों के लोग आंशिक चंद्र ग्रहण का आखिरी हिस्सा ही देख पाएंगे, वह भी पूर्वी आसमान से बहुत करीब, जब चंद्रमा निकल ही रहा होगा। उन्होंने कहा कि उस शाम कोलकाता में चंद्रमा शाम सवा छह बजे निकलेगा और दिलचस्पी रखने वाले लोगों को आंशिक चंद्रग्रहण की कुछ मिनट तक झलक मिलेगी जो छह बजकर 22 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई के लोग ग्रहण नहीं देख पाएंगे



### मास्क नहीं लगाया तो पुलिसवालों ने महिला को लात-घूंसों से पीटा, बाल पकड़ सड़क पर घसीटा



**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मास्क न लगाने पर पुलिस ने बेरहमी की इंतहा कर दी। उन्होंने महिला को पहले लात-घूंसों से पीटा। साथ ही, उसे खींचकर गाड़ी में डालने की कोशिश भी की। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो मध्यप्रदेश के सागर जिले का बताया जा रहा है। यहां गांधी चौक के पास बुधवार (19 मई) को एक महिला अपनी बेटी के साथ सामान खरीदने बाजार जा रही थी। महिला ने मास्क नहीं लगा रखा था, जबकि बेटी ने दुपट्टे से मुंह ढंका हुआ था। रास्ते में पुलिसवालों ने महिला को रोक लिया और बदसलूकी करने लगे।

कटनी
गुरुवार, 20 मई 2021
यश भारत

# सपनों को लगे पंख, मेहनत का मिला प्रतिफल





## जिले की 16 युवतियों ने नौकरी के लिए हैदराबाद की भरी उड़ान

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा निरंतर रूप से ग्रामीण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु स्वरोजगार प्रशिक्षण, प्रशिक्षण एवं नियोजन तथा रोजगार मेलों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा हैं। इसी कडी में मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना द्वारा ग्रामो के स्वसहायता समूह से जुड़े परिवारो के बेरोजगार युवक युवतियो को रोजगार उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती शबाना बेगम के नेतृत्व मे विगत दिनों डीडीयू-जीकेवाई संस्था भोपाल से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी जिले की 16 युवतियो को हवाई जहाज के माध्यम से मिशन सहयोग एवं प्रशिक्षण संस्था के व्यय पर कोविड 19 की सुरक्षा के साथ स्नाएडार इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद मे 13 हजार रूपये प्रतिमाह के मानदेय पर नियोजित कराया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी जिले से कुल 366 युवतियो को क्रेशक्रॉप लिमिटेड भोपाल के माध्यम से रिटेल, वेयरहाउस पेकर, इलेक्ट्रिशियन, आदि ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु भेजा गया था। ट्रेडो के प्रशिक्षण के साथ साथ कम्प्यूटर, इंग्लिश एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 115 युवतियो को पूर्व मे एवेन्यू सुपर मार्केट तेलगांना, एनबीसी बड़ोदरा, रेडिएन्ट एप्लाएन्स तेलंगाना, हाईलेक्स गुजरात मे सफलतापूर्वक नियोजित कराया जा चुका है।

### इनका हुआ चयन

इस क्रम में कमलाकर मिश्रा, जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार द्वारा बताया गया कि जिले के विकासखण्ड विजयराघवगढ से सुश्री अंजना पटेल, सुश्री कीर्ती चौधरी, सुश्री प्रिया पटेल, सुश्री रूकमणी, सुश्री गौरा सिंह, सुश्री हेमा सिंह, सुश्री रेनू सिंह, सुश्री रोशनी, सुश्री संतो, सुश्री सुनीता बर्मन तथा विकासखण्ड बहोरीबंद से सुश्री ज्योति पटेल, सुश्री प्रभा राजपाल, सुश्री रोशनी सिंह एवं विकासखण्ड ढीमरखेडा से सुश्री मनीषा, सुश्री अनीता एवं सुश्री विनीता द्वारा 15 मई को भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे से हैदराबाद वायुयान से नौकरी करने पहुंची।

### सरकार की योजना को दिया सफलता का श्रेय

विजयराघवगढ़ के जमुआनीकला गांव की रहने वाली हेमा और ढीमरखेड़ा क्षेत्र के गांव परसेल की मनीषा ने अपनी सफलता का श्रेय शासन के प्रोजेक्ट को दिया है। उन्होने कहा कि एनआरएलएम ने मेरी अपेक्षाओं को समझा और आज मुझे उस मुकाम पर पहुंचाया, जहां में अपने परिवार की मदद कर सकती हूं। आज सही मायनों में मैं अपने पैरों में खड़ी हुई है। हवाई जहाज से यात्रा मेरे लिये सुखद थी। मैने कभी सोचा ना था कि ऐसा समय भी आयेगा। मै एनआरएलएम एवं भोपाल सेंटर के सभी सर, मैडम लोगो को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

### 6 महीने का मिला प्रशिक्षण

जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे ने बताया कि एनआरएलएम एवं डीडीयू-जीकेवाई के सहयोग से 16 बच्चियों को 6 माह के प्रशिक्षण उपरांत रोजगार हेतु प्लेसमेंट कराते हुये वायुयान द्वारा भोपाल से हैदराबाद भेजा गया है। यह जिले के लिये गौरवपूर्ण है। उन्होने इनके उज्जवल भविष्य की कामना है। वहीं डीपीएम एनआरएलएम शबाना बेगम ने कहा कि जिले के ग्रामीण अंचलों की 16 युवतियों को प्रशिक्षण उपरांत भोपाल से वायुयान द्वारा स्नाएडार इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद में नियोजित कराया गया है। यह वास्तव में युवतियों के सपनों की उड़ान है।

# 23 मई तक बंद रहेगा गेहूं उपार्जन

### ताउते तूफान के कारण राज्य सरकार ने जारी किए निर्देश, किसानों से गेहूं लेकर केन्द्रों में नहीं लाने की अपील



**कटनी।** ताउते तूफान के कारण प्रदेश के साथ जिले में हो रही असामयिक वर्षा के कारण गेहूँ खरीदी का कार्य 23 मई तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपाोक्तासंरक्षण विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव ने इस संबंध में जिले के कृषकों से अपील है कि वह अभी अपना गेहूँ 23 मई तक उपार्जन केन्द्रों में नहीं लायें, अन्यथा असामायिक बारिश के कारण गेहूँ खराब होने की पूर्ण संभावना है। अभी अपना गेहूँ स्वंय के पास सुरक्षित रखें। मौसम अनुकूल होने पर 24 मई से खरीदी कार्य यथावत प्रारंभ किया जायेगा। जिन कृषकों की एसएमएस की वैधता समाप्त हो रही है, या हो गई है, उन कृषकों को दोबारा एसएमएस भेजे जायेंगे। उपज विक्रय करने से शेष रह गए कृषकों की उपज खरीदी जाएगी एवं आवश्यकता अनुसार खरीदी अवधि भी बढ़ाई जायेगी। साथ ही खरीदी प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है कि 23 मई तक कोई नई आवक केंद्र में ना लें। केन्द्र में रखे हुये अनाज को सुरक्षित रखने का हरसंभव प्रयास करें, अगर उनकी लापरवाही के कारण केन्द्र में रखा हुआ गेहूं खराब होता है, तो स्वंय जिम्मेदार होंगे एवं कार्यवाही के भागीदार होंगे। केन्द्र प्रभारी, ऑपरेटर, प्रशासक इसके लिये उत्तरदायी होंगे। खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग का अमला इस बात के लिये निगरानी रखेंगे।

# आबकारी अमले ने वेतन से दिए 1 लाख 14 हजार 29 रुपये

### कोरोना आपदा में मदद के लिए रेडक्रॉस को दी राशि

**कटनी।** कोविड की इस विपदा की घड़ी में हर संभव मदद के लिये लोग आगे आ रहे हैं। आपका हर सहयोग इस संक्रमण काल से निपटने के लिये बड़े उपयोग के रुप में सामने आ रहा है। जिले के लोकसेवक चौबीसों घंटे किसी ना किसी रुप से जिलेवासियों के जनस्वास्थ्य के लिये अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही जिले के डीएफओ आर.सी. विश्वकर्मा ने अपने वेतन से आर्थिक सहयोग जिला अस्पताल के लिये किया था। वहीं आज फिर जिले के एक महकमे ने इस वैश्विक आपदा से निपटने के लिये अपने वेतन से आर्थिक सहयोग किया है। कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी द्वारा 29 लोकसेवकों के अमले ने अपने वेतन से सहयोग करते हुये जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अकाउन्ट में 1 लाख 14 हजार 29 रुपये एकत्रित कर ट्रान्सफर किये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि आबकारी विभाग के 29 लोगों के अमले में से 12 सदस्यों ने कोरोना को मात दी है। महामारी के इस दौर में ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भी महकमें के द्वारा मुस्तैदी से किया जा रहा है।

### मेडिकल ऑक्सीजन को लेकर लांगटर्म की करनी होगी प्लानिंग : कलेक्टर

# भविष्य में ऑक्सीजन को लेकर आत्मनिर्भता की पहल







**कटनी।** कोविड संक्रमण काल के दौरान ऑक्सीजन की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। जिले में शासन-प्रशासन के हर संभव सहयोग से ऑक्सीजन की उपलब्धता कराई गई है। जहां सड़क मार्ग से टेंकर्स के माध्यम से जिले मे लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन रिफलिंग प्लान्ट पहुंची। वहीं रेल मार्ग के द्वारा भी ऑक्सीजन एक्सप्रेस के माध्यम से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन जिले में आई है। भविष्य में ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर कटनी जिला आत्म निर्भर बन सके, इस उद्देश्य से बुधवार को जिला उद्योग विभाग द्वारा वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शामिल हुये। साथ ही जिले के उद्योगपति, अस्पताल संचालकों, एक्सपर्ट एवं संबंधित विभागों अधिकारी भी सम्मिलित हुये। वेबीनार को संबोधित करते हुये शासन द्वारा ऑक्सीजन प्लान्ट स्टेबलिशमेन्ट को लेकर जारी किये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी कलेक्टर श्री मिश्रा ने दी। उन्होंने जिले के उद्योगपतियों एवं असपताल के संचालकों से ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर यूनिट स्थापित करने के विषय में विमर्श करने का आव्हान किया। श्री मिश्रा ने कहा कि अभी-अभी हमने जो समय देखा है, उससे निजात के लिये जरुरी है कि हम शॉर्टटर्म सॉल्यूशन नहीं लॉगटर्म तैयारी करें। ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर भविष्य के लिये अभी से रणनीति और आधारभूत संरचनाओं को स्थापित करने की जरुरत है। एएसयू, पीएसए, लिक्विड ऑक्सीजन रिफलिंग प्लान्ट, ऑक्सीजन जनरेटर के विषय में भी उन्होने चर्चा की। वेबीनार में कलेक्टर ने कहा कि निजी स्पताल संचालकों से अपने अस्पताल में ऑक्सीजन बैड्स के लिये ऑक्सीजन की सतत् उपलब्धता के लिये छोटी यूनिट्स स्थापित करने की दिशा में विचार करने की आवश्यकता है। वेबीनार में महाप्रबंधक उद्योग अजय श्रीवास्तव ने ऑक्सीजन प्लान्ट्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इसकी व्यवसायिक उपयोगिता के विषय में भी बताया। वेबीनार में ई-माध्यम से अरविंद गुगालिया, सुधीर मिश्रा, अविक गुगालिया, पवन बजाज, सारंग बजाज सहित अन्य उद्योगपति, निजी अस्पतालों के संचालक भी शामिल हुये।

# सकुशल घर लौटी रुबी ने साझा किए अनुभव

### सेवा भारती द्वारा सरस्वती स्कूल में संचालित किया जा रहा 50 बेड का कोविड केयर सेन्टर



**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये चिकित्सीय संसाधनों को सतत् रुप से जिला प्रशासन द्वारा बढ़ाया गया है। जिला अस्पताल, ग्रामीण सीएचसी सहित कोविड केयर सेन्टर्स के माध्यम से कोविड पॉजीटिव पेशेन्ट्स के लिये बैड्स की संख्या सतत् रुप से बढ़ाई गई है। इसी कड़ी में सेवा भारती कोविड केयर सेन्टर की स्थापना भी की गई है। सेवा भारती कोविड केयर सेन्टर की क्षमता 50 बैड की है। जिससे अब तक कई लोक स्वस्थ्य होकर घर की ओर सकुशल जा चुके हैं। सेवा भारती कोविड केयर सेन्टर नई बस्ती स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में स्थापित किया गया है। सेवा भारती कोविड केयर सेन्टर में भी कोविड पॉजीटिव पेशेन्ट्स को जिला अस्पताल के माध्यम से रेफर किया जाता है। सेवा भारती कोविड केयर सेन्टर से उपचार के बाद सकुशल घर लौटी रुबी खान ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि यहां पर लगी टीम के द्वारा बहुत ही सेवा भाव के साथ सहयोग और उपचार किया गया। हमें किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। दवाईयां और भोजन समय पर उपलब्ध कराई गई है। इसके लिये मैं सबका आभार व्यक्त करती हूं। अध्यक्ष सेवा भारती डॉ. अमित साहू ने बताया कि सेवा के साथ संस्कार और समरसता की भावना को लेकर समाज के प्रति निरंतर निस्वार्स्थ भावना से कार्य करने वाले स्वयं सेवकों के सामाजिक सहयोग से सेवा भारती कोविड के इस संक्रमण काल में सतत् रुप से कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में सेवा कार्य के निमित्त से कटनी सेवा भारती द्वारा यह कोविड केयर सेन्टर चलाया जा रहा है। जहां पर सतत् रुप से हमारे स्वयं सेवक भी अपनी सेवायें दे रहे हैं।

### फारेस्टर वार्ड में जरुरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री



कोरोना संक्रमणकाल में सामाजिक संगठनों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में निवर्तमान पार्षद कमलेश चौधरी द्वारा अपने सहयोगियों के साथ फारेस्टर वार्ड में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

# पटरी से उतरी शहर की जलापूर्ति

### आजाद चौक सहित कई क्षेत्रों में परेशान हुए लोग, दो दिन से बिगड़े हालात



**कटनी।** पिछले दो दिनों से शहर की पेयजल आपूर्ति पटरी से उतर गई है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों के साथ ही शहर के मध्य वाले इलाकों में लोग सुबह से पानी आने का इंतजार करते रहते हैं लेकिन उन्हें पानी नसीब नहीं हो रही है। नलों में सुबह साढ़े 6 बजे से ही लोग अपने बर्तन लेकर खड़े हो जाते हैं लेकिन निर्धारित समय पर जलापूर्ति ही नहीं हो रही है। कल बुधवार के बाद आज गुरूवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। गाटरघाट निवासी मनोज प्यासी ने बताया कि आजाद चौक सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा रोज सुबह 7 बजे से जलापूर्ति की जाती है लेकिन पिछले दो दिनों से 7 बजे की बजाए 8 बजे जलापूर्ति की जा रही है। आज गुरूवार को 8 बजे की बजाए सवा 8 बजे जलापूर्ति की गई। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा हर रोज 45 मिनट तक पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन कल और आज आधा घंटे ही जलापूर्ति की गई। जिसकी वजह से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब पार्षद राहुल पटेरिया से बात की गई तो उनका कहना था कि बारिश और बिजली बंद होने के चलते पेयजल आपूर्ति में थोड़ा दिक्कत हुई है। नगर निगम प्रशासन द्वारा इसमे सुधार का प्रयास किया जा रहा है।

### बोरिंग चालू कर घर से दिया पानी

आजाद चौक शंकर मंदिर गली में आज सुबह भी जलापूर्ति नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान नजर आ रहे थे। लोगों को परेशान होता देख क्षेत्र के निवासी मंगल प्रसाद खंपरिया ने अपने घर से बोरिंग चालू कर लोगों को पानी दिया। जिस पर लोगों ने आभार व्यक्त किया।

# टीका लगवाने अब दिख रहा उत्साह

### 1539 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड-19 वैक्सीन



**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में 19 मई को कुल 1539 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 167 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 62 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 27 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 13 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 5 हेल्थकेयर वर्क्स को फर्स्ट और 1 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 7 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 9 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 1248 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन लोगों के द्वारा टीकाकरण के लिये ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाता है, यदि वे किन्ही कारणों से वेक्सीनेशन के लिये नहीं आ पा रहे हैं, तो वे बुक किये हुये स्लॉट को कैंसिंल कर दें। ताकि उस स्लॉट पर किसी अन्य व्यक्ति का वेक्सीनेशन किया जा सके।

### आज 11 केन्द्रों पर हो रहा वेक्सीनेशन

आज को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 11 स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण किया जा रहा है जिसमे पुरानी कचहरी परिसर, एसीसी हॉस्पिटल, रेल्वे हॉस्पिटल, झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर, जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी ढीमरखेड़ा, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, सीएचसी बरही, पुरानी कचहरी परिसर कटनी, शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी स्कूल पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला, तिलक कॉलेज, ऑर्डनेन्स फैक्ट्री, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सीएचसी बरही में वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

# कटनी के अनिल वर्मा बनेंगे हाईकोर्ट जज

### शहर के लिए उपलब्धि, शुभचिंतकों ने दी बधाई

**कटनी।** हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पदस्थ प्रिसिंपल रजिस्ट्रार अनिल वर्मा सहित 6 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को हाईकोर्ट जज बनाए जाने का रास्ता सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने साफ कर दिया है। इसके संबंध में बुधवार को आदेश भी जारी कर दिए। अब राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा इनके नाम से वारंट जारी किया जाएगा। इसके बाद शपथ दिलाई जाएगी। इसमे कटनी के अनिल वर्मा के अलावा जिला जज अरुण कुमार शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुनीता यादव, दीपक कुमार अग्रवाल व राजेंद्र कुमार यादव का नाम तय किया गया है। रजिस्ट्रार अनिल वर्मा 4 साल पहले इंदौर खंडपीठ में रजिस्ट्रार बनकर आए थे, उसके पहले वह विजिलेंस में जिला जज के रूप में सेवाएं दे रहे थे। हाईकोर्ट जज के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का भी कोटा रहता है। इसके तहत वरिष्ठता के क्रम में उनका नाम सबसे ऊपर था। 2020 में ही उनका नाम क्लियर हो जाता, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते कॉलेजियम की बैठक नहीं हो पाई थी। पिछले दिनों वकीलों के नाम क्लियर हो गए थे। विदित हो कि अनिल वर्मा कटनी के सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के के वर्मा के सुपुत्र एवं सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा के अनुज व एडवोकेट दिलीप वर्मा के अग्रज हैं। अनिल वर्मा को हाईकोर्ट जज बनाए जाने का रास्ता साफ होने पर शुभचिंतकों और इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कटनी के लिए उपलब्धि बताया है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 20 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# जिनके नाम नहीं, उन्हें भी मिलेगा राशन



**कटनी।** कोविड -19 के संक्रमण के कारण लॉकडाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्ची विहीन, छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु हितग्राहियों के सत्यापन एवं अस्थाई पात्रता पर्ची जारी करनें की प्रक्रिया शासन के दिशा निर्देश, शर्ते अनुसार सुनिश्चित की गई है। नगर निगम खाद्य प्रभारी गजानन पाठक ने बताया कि शासन निर्देशानुसार एनएफएसए 2013 अन्तर्गत 24 श्रेणी के परिवारों को पात्रता श्रेणी अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। कोविड-19 के लॉकडाउन के कारण गरीब परिवारों के पात्रता संबंधित दस्तावेज जारी नहीं होने अथवा दस्तावेज पूर्ण न होने तथा परिवारों के सभी सदस्यों के आधार नंबर नहीं बन पाने के कारण हितग्राहियों के सत्यापन एवं पात्रता पर्ची जारी करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। छूटे हुए हितग्राहियों के सत्यापन में संलग्न 24 श्रेणियों में से दस्तावेज प्राप्त किये जाने हेतु शासन के स्पष्ट निर्देश है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निर्धारित 24 श्रेणियों के पात्रता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न होने पर हितग्राही द्वारा संबंधित श्रेणी में होनें का आवेदन सह-घोषणा पत्र नगर निगम कटनी में प्रस्तुत करना होगा। जिसका प्रारूप वार्ड के प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षक, वार्ड दरोगा को संलग्न कर प्रदान किया जा रहा है। हितग्राही के आवेदन का सत्यापन होनें के उपरान्त निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड दरोगा द्वारा पावती प्रदान की जावेगी। आवेदित परिवार की समग्र आई.डी होना अनिवार्य है। यदि परिवार आई डी नहीं है तो समग्र शाखा द्वारा तत्समय ही बनाई जावेगी।

**अपात्र हितग्राहियों को राशन देने मिलेंगी अस्थायी पात्रता पर्चियां**

## एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज की जाएगी प्रविष्टि

वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक, वार्ड दरोगा द्वारा शासन निर्देशानुसार आवेदन में वार्ड, आर्हता, मोबाईल नंबर, ई-राशन कार्ड अथवा पूर्व मे जारी पात्रता पर्ची, परिवार आई.डी, समग्र आई.डी.डाटा में उल्लेखित परिवार के विवरण का मिलान कराते हुए एम.राशन मित्र पोर्टल पर प्रविष्टि कराते हुए आवेदन का परीक्षण उपरान्त स्वीकृत, अस्वीकृत की कार्यवाही का अनुमोदन वार्ड के राजस्व उपनिरीक्षक से करायेगें। राजस्व उपनिरीक्षक, खाद्य प्रभारी के अवलोकन, हस्ताक्षर उपरान्त पात्र आवेदन पंजीयन कार्यालय में एम-राशन मित्र पोर्टल पर आपदा खाद्यान्न राहत माडयूल में प्रविष्टि की जावेगी तथा हितग्राही को अस्थाई पात्रता पर्ची जारी करनें हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट जिला कटनी की ओर स्वीकृति हेतु अंतरित की जोवगी। अस्थाई पात्रता पर्ची जारी होनें के पश्चात उनके वितरण सहायक राजस्व निरीक्षक/वार्ड दरोगा द्वारा किया जावेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी पात्रता पर्ची में अस्थाई पात्रता पर्ची का उल्लेख किया जायेगा जो आगामी तीन माह तक वैध रहेगी। तीन माह में हितग्राही द्वारा पात्रता संबंधी दस्तावेज एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर उपलब्ध करानें पर स्थाई पात्रता पर्ची जारी की जा सकेगी।

## तीन महीने में अमान्य हो जाएगी पात्रता पर्ची

अस्थाई रूप से जोड़े गए परिवारों द्वारा आगामी तीन माह में पात्रता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर उनको जारी अस्थाई पात्रता पर्ची अमान्य कर दी जावेगी एवं एम -राशन मित्र पोर्टल पर होल्ड प्रक्रिया संपादित की जावेगी । अस्थाई पात्रता पर्ची जारी होने के माह से ही हितग्राही को ,पोओएस मशीन से उसकी पात्रता अनुसार दुकान पर उपलब्ध स्टाक से खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा कोविड -19 संक्रमण के कारण लॉकडाउन अवधि अंतर्गत गरीब परिवारों को आपदा खाद्यान्न राहत अंतर्गत अस्थाई खाद्यान्न पात्रता पर्ची प्रदान करनें की कार्यवाही हेतु निगम के सहा.राज. निरी., उप-निरीक्षक, वार्ड दरोगाओं एवं अन्य कर्मचारियों की डयूटी वार्डवार लगाई जाकर संलग्न कर्मचारियों को पृथक पृथक आवेदन सह घोषणा पत्र, आवेदन संधारण हेतु पंजियां प्रदान की जाकर सौपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदी पूर्वक निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करनें के निर्देश दिये है। प्रत्येक कार्य की प्रगति से में खाद्य प्रभारी नगर निगम तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को प्रत्येक कार्य दिवस अवगत करानें के निर्देश दिये है।

# 547 परिवारों के 2622 लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग

### घरों में स्वास्थ्य सर्वे कर रहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद



**कटनी।** कोरोना महामारी के इस संकट में अखिल भारतीय विद्यार्थी के कार्यकर्ता निरंतर सेवा कार्य में लगे हुए हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कटनी द्वारा ब्रेक दी चैन के तहत गांव में घर घर जाकर लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग कर दवाई वितरित किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना की चैन तोड़ने का काम कर रहे हैं। जिला संयोजक सिप्तेन रज़ा ने बताया कि बड़वाराए ग्राम मोहनियाए भजिया एवं ढीमरखेड़ा, झिन्ना पिपरिया छ्घरा संत नगर में 15 मई से प्रारंभ अभियान में आज तक 547 परिवारों में कुल 2622 लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग एवं ऑक्सीजन पल्स चेक किया गया। इस दौरान जिला संयोजक सिप्तेन रज़ा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अखिल मिश्रा, शुभम यादव सिद्धांत जैन अभिनव तिवारी, संदीप प्रजापति, पुष्पेन्द्र मिश्रा, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एसपी के निर्देश पर नि :शुल्क किया जा रहा राशन का वितरण**

# असहाय एवं जरुरतमंदों को मिशन संबल से मिल रहा सहारा





**कटनी।** जिले में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में असहायत एवं जरुरतमंदों की सहायता के लिये मिशन संबल अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस विभाग के अमले द्वारा ऐसे लोगों को घर पर पहुंचकर उन्हें निःशुल्क राशन, मास्क एवं सैनीटाईजर का वितरण किया जा रहा है। मिशन संबल के तहत बुधवार को एनकेजे थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री बांटी गई। इस दौरान महिला उप निरीक्षक अंकिता तिवारी द्वारा पुलिस के साथ दुर्गा चौक, जाग्रति कॉलोनी, रोशन नगर एवं एनकेजे बजरिया में जन सहयोग के तहत आमजनो को राशन के पैकेट व सब्जियों का वितरण किया। इसी क्रम में गतदिवस को कैमोर पुलिस थाने के अमले द्वारा कैमोर की बरापार बस्ती में थाना प्रभारी कैमोर अपनी और ए सी सी की टीम के द्वारा खाद्यान्न सामग्री बांटी गई। पुलिस की सामुदायिक सेवा मिशन संबल के तहत के अंतर्गत कैमोर टी.आई. अरविंद जैन ने मंगलवार को एसीसी ट्रस्ट कैमोर के साथ मिलकर कैमोर नगर परिषद के वार्ड नं 7, बरापार में करीब 90 निर्धन एवं जरूरतमंद वासियों को खाद्य सामग्री निशुल्क वितरित की।

## नगर निगम ने की बेसहारा लोगों के भोजन की व्यवस्था





कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को रोकनें एवं लॉकडाउन की अवधि में नगरीय क्षेत्र के गरीब बेसहारा एवं असहाय लोगो को भोजन के वितरण की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। भोजन प्रभारी अभिषेक अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दीनदयाल अन्त्योदय रसोई के माध्यम से भोजन के पैकिटों को तैयार कराकर नगर के विभिन्न स्थलों बरगवां, मिशन चौक, बस स्टेण्ड आदि स्थलों में वाहनों के माध्यम से भ्रमण कर गरीब एवं असहाय लोगो को भोजन के पैकिटों का वितरण कराया जा रहा है।

# सेवा ही संगठन का लक्ष्य सर्वोपरि

### जिला अस्पताल में सांसद सहायता केंद्र के जरिये 11 वें दिन भी जारी सेवा, रोज लोग हो रहे लाभान्वित




**कटनी।** कोरोना महामारी के इस संकट में जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान कोविड पीड़ित एवं उनके परिजनों को समस्या का सामना न करना पड़े, कोई भूखा ना रहे, उन्हें समय पर दवाईयां उपलब्ध हों इस उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला चिकित्सालय पर सांसद कोविड सहायता केंद्र बनाया गया है, जहां से गत 10 दिनों से जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा की जा रही है, आज 11वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से कोरोना पीड़ितों की सहायता की गई। भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संगठन के सिद्धांत पर चलने वाला दल है, भाजपा का लक्ष्य सिर्फराजनीति और चुनाव लड़ना नही, समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता करना, दीनदयाल जी के अंत्योदय के लक्ष्य को साकार करना ही भाजपा का लक्ष्य है। भाजपा के कार्यकर्ता दिन-रात नागरिकों की सेवा में लगे हुए हैं। 11वें दिन सहायता केंद्र से जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, आयुष का त्रिकुट काढा, बिस्किट, मास्क, सेनेटाइजर, फल देकर उनकी सहायता की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, पंकज शर्मा, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बायोमेडिकल वेस्टेज पर होगी अब निगरानी, कलेक्टर ने बनाई समिति

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में बायोमेडिकल वेस्टेज के डिस्पोजल के लिये समिति का गठन किया है। इस समिति में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अध्यक्ष, आयुक्त नगर पालिक निगम को सदस्य सचिव, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को सदस्य नियुक्त करते हुये कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है। इस समिति बैठक बुधवार को अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें श्री सिसोनिया द्वारा नगर निगम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिले में बायोमेडिकल वेस्टेज के डिस्पोजल को लेकर विस्तार से दिशा-निर्देश दिये गये। वर्तमान में बढ़ते संक्रमण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में ऑक्सीजन की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य संस्थाओं, कोविड-19 मरीजों द्वारा उत्पन्न होने वाले जैव अपशिष्ट का प्रबंधन भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। संक्रमित व्यक्ति से उत्पन्न होने वाले जैव अपशिष्ट के निस्तारण में लापरवाही से जन सामुदाय में यह संक्रमण फैल सकता है। जिले में क्रियाशील विभिन्न कोविड-19 शासकीय एवं निजी संस्थाओं जैसे डीसीएचसी, सीसीसी, फीवर क्लीनिक, सैम्पल कलेक्शन सेन्टर, वेक्सीनेशन सेन्ट से उत्पन्न होने वाले कोविड-19 जैव अपशिष्ट मास्क, ग्लब्ज, पीपीई किट आदि को नियमानुसार निष्काषित करने के लिये निर्देशित करने एवं शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार अपशिष्ट के निष्काशन की समय समय पर मॉनीटरिंग करने एवं इसके साथ ही नगर निगम एवं जिले में कार्यरत कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी को प्रतिदिन संबंधित कोविड-19 संस्थाओं से अपशिष्ट लेने व निस्तारण के संबंध में समिति द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## बाहर से आने वाले यात्रियों से कराया गाइड लाइन का पालन





मुड़वारा और साऊथ स्टेशन पर चलाया रोको टोको अभियान

**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण को रोकने के हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजना एहतियातन कदम उठाये जा रहे है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा सहयोगी संस्था के माध्यम से वेक्सीनेशन सेंटर पुरानी कचहरी प्रांगण, कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला, कटनी साउथ स्टेशन, कटनी मुडवारा स्टेशन में रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम की सहयोगी संस्था की टीम के द्वारा आज प्रातः कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल व वैक्सीनेशन सेंटर पुरानी कचहरी में अपनी सेवांए प्रदान की गई। जिसके तहत जांच कराने एवं वेक्सीनेशन कराने हेतु उपस्थित होने वाले नागरिकों को अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने तथा आपस में दो गज की दूरी बनाकर व्यवस्थित रूप से क्रमबद्ध करनें तथा परिसर की अन्य व्यवस्थाओं हेतु सहयोग प्रदान किया गया। रेल्वे स्टेशन परिसरों में टीम के दल के द्वारा रोको-टोको अभियान के माध्यम से आने जाने वाले यात्रियों को शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाईन का पालन करने तथा कोरोना संक्रमण से प्रसार से बचने हेतु मास्क का उपयोग करने, आपस में उचित दूरी बनाये रखनें तथा साबुन से हांथ को धुलने अथवा सैनेटाइजर का उपयोग करने की समझाइश दी गई।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# डेढ़ महीने से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जुटे स्वच्छता दूत

## सैनीटाईजेशन, जागरुकता और साफ-सफाई में जुटा है नगर परिषद का अमला

कटनी। नगरपरिषद विजयराधवगढ द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु किये जा रहे प्रयास प्रेरणादायी साबित हो रहे है। आम नागरिकों को कोरोना संकट के दौरान संक्रमण से बचाव के अलावा अन्य जरूरी सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न आवे इस हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं वियजराधवगढ सी.एम.ओ पूजा बुनकर के मार्गदर्शन नगर परिषद के कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से किया जा रहा है।



नगर परिषद सी.एम.ओ पूजा बुनकर ने बताया कि नगर में कोरोना महामारी संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु रोजाना नगर के संपूर्ण वार्ड के प्रत्येक घरों सहित नगर के अन्य सर्वजनिक स्थलों में भी सैनेटाइजेशन की कार्यवाही की जा रही है। कोरेन्टाईन मरीजों के घरों से निकलने वाले कचरे को पृथक से प्रसंस्कृत करने हेतु निर्धारित मानक की पॉलीथिन उपलब्ध कराने, नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था कराई जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव कराने साहित नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए स्वच्छ पानी की उपलब्धता हेतु पेयजल की पानी की टंकियों की सफाई की जाकर ब्लीचिंग पाउडर के छिडकाव का कार्य कराया जा रहा है।

### मरीजों के मनोबल बढाने हेतु भी किये जा रहे सार्थक प्रयास

कोरोना संक्रमित मरीजों का मनोबल बना रहे और वे इस महामारी से डटकर जंग कर सके इस हेतु नगर परिषद विजयराधवगढ द्वारा व्हाट्स एप एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से मरीजों की बात की जाकर उनके स्वास्थ्य की सत्त निगरानी रखी जा रही है किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसके निराकरण के तत्काल प्रयास किये जा रहे है। संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु जिन लोगों के द्वारा जांच हेतु सेंपल दिए है उसका परिणाम आने तक उन्हे कोरन्टीन रखा जा रहा है साथ ही कोरन्टीन से बाहर हुए मरीजों को बधाई पत्र भी दिए जा रहे है।

### जागरूकता गतिविधियों पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

नगर परिषद बरही द्वारा कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हेतु सार्वजनिक सडकों पर चित्रों एवं नारे, स्लेगन के माध्यम से जागरूकता के प्रयास किये जाकर शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों से संबंधित अपील, पत्र एवं पम्पलेट आदि के वितरण की कार्यवाही के साथ ही मुनादी का कार्य कराया जा रहा है। नगर के अधिक से अधिक लोग संक्रमण के प्रति जागरूक हो सके, इस हेतु बैनर, फ्लेक्टस के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



### नगर पारिषद बरही द्वारा संक्रमण को रोकने हेतु किये जा रहे सराहनीय प्रयास

कोविड -19 महामारी से बचाव हेतु नगर परिषद बरही द्वारा भी सराहनीय प्रयास किये जा रहे है। रोजाना प्रत्येक वार्डो में सैनेटाईजेशनन एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव किया जाकर विभिन्न स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही के साथ ही रोको -टोको अभियान चलाया जाकर वाहनों में मुनादी एवं अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाकर नागरिकों को संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग करने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की समझाईश दी जा रही है। कोरोना कर्फ्यू का पालन कराकर संक्रमण की चैन को तोडने हेतु बिना वजह घूमने वालों पर जुर्माने आदि की कार्यवाही की जाकर प्रत्येक वार्डो में आर.आर टी की संयुक्त टीम द्वारा कोरोना गाइडलाईन का पालन कराने हेतु निगरानी रखी जाकर संक्रमण के प्रसार को रोकने के प्रयास किये जा रहे है।

# छैमाही, प्री-बोर्ड और आतंरिक मूल्यांकन से तैयार होगा दसवीं का रिजल्ट

## 20 दिन पहले दी जाएगी बारहवीं के परीक्षा आयोजन की सूचना

### माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने जारी किए नए दिशा निर्देश




**कटनी।** कोरोना संक्रमण के बण्ढते प्रभाव को देखते हुए मध्य प्रदेश बोर्ड दसवीं की परीक्षा अब नहीं ली जाएगी। वहीं बारहवीं की परीक्षा फिलहाल के लिए स्थगित की गई है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने कुछ दिनों पूर्व आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में लिखा है कि कोरोना के कारण दसवीं बोर्ड की परीक्षा निरस्त की जाती है। वहीं बारहवीं की परीक्षा भी आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। साथ ही प्रायोगिक परीक्षाएं भी आगामी आदेश तक स्थगित की गई है। कोरोना संक्रमण सामान्य होने की स्थिति में परीक्षा आयोजन की सूचना 20 दिन पहले दी जाएगी। वहीं दसवीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने के संबंध में भी आदेश जारी किए गए हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विद्यार्थियों की छमाही और प्री-बोर्ड व यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों को भी 33 अंक देकर पास घोषित किया जाएगा। सभी प्राइवेट विद्यार्थियों को 33 अंक देकर पास घोषित किया जाएगा। अगर कोई असंतुष्ट होता है तो भविष्य में आयोजित परीक्षा में शामिल हो सकेगा। इस संबंध में भविष्य में नीति तय की जाएगी।

### नहीं जारी होगी दसवीं की प्रावीण्य सूची

इस वर्ष दसवीं परीक्षा की प्रावीण्य सूची जारी नहीं की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों को स्कूल के तीन परीक्षाओं के रिजल्ट के आधार पर अंक दिए जाएंगे। फेल होने वाले विद्यार्थियों को 33 फीसद पर पास किया जाएगा। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए अप्रैल से शुरू होने वाली दसवीं व बारहवीं की परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग ने जून तक के लिए स्थगित कर दी थी। इस तरह होगा मूल्यांकन पेपर 100 अंक का होता है। जिसमें 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन व 80 अंक थ्योरी के होते है। अब विद्यार्थियों को सिर्फ आंतरिक मूल्यांकन के नंबर मिलेंगे। जैसे किसी विद्यार्थी को एक विषय के आंतरिक मूल्यांकन 20 नंबर में से 16 अंक मिलते है। इसमें 80 अंक के अधिभार देते हुए 16 का चार गुना होगा। इससे उक्त विषय में छात्र के 64 अंक होंगे। इसी प्रकार सभी विषयों के अंक देकर रिजल्ट बनाया जाएगा।

### तीन साल के रिजल्ट पर बनेगा इस साल का परिणाम

मंडल ने आदेश में साफ कहा है कि स्कूल का रिजल्ट बीते तीन साल के सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ से दो फीसद अंक ज्यादा हो सकते है। जैसे किसी स्कूल का बीते तीन साल का रिजल्ट 60, 75 व 70 प्रतिशत है। इसमें 75 फीसदी व दो फीसदी जोड़कर 77 फीसदी से ज्यादा रिजल्ट नहीं होना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों के अंक भी ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसमें भी औसत देखा जाएगा। जैसे किसी स्कूल में पिछले साल के सभी विद्यार्थियों के सभी विषय के पास अंक जोड़े जाएंगे। इस जोड़ में कुल विद्यार्थियों की संख्या का भाग दिया जाएगा। जो संख्या सामने आएगी, वह विद्यार्थियों के रिजल्ट का औसत होगा।

### निर्णय : फेल विद्यार्थियों को भी किया जाएगा पास

दसवीं की परीक्षा में विद्यार्थियों को रिजल्ट बनाने के दौरान विद्यार्थी फेल हो जाते है तो ऐसे सभी विद्यार्थियों को 33 फीसद अंक देकर पास किया जाएगा। दसवीं के प्रायवेट विद्यार्थियों के लिए दो ऑप्शन रखे गए हैं। पहला इन सभी विद्यार्थियों को 33 फीसद अंक देकर पास घोषित किया जाएगा। इसके बाद कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद इन विद्यार्थियों की परीक्षा ली जाएगी। विद्यार्थियों ने जताई खुशी, अब सीबीएसई के विद्यार्थियों को इंतजार माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12 वीं के विद्यार्थियों को थोड़ी राहत मिली है कि परीक्षाएं अब स्थिति सामान्य होने पर होंगी।

# सीटी स्कैन की अधिक राशि वसूलने पर हाईकोर्ट सख्त

### राज्य सरकार को नोटिस, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की याचिका पर सुनवाई


कटनी। मप्र हाईकोर्ट के चीफजस्टिस मोहम्मद रफीक और जस्टिस अतुल श्रीधरन की डिवीजन बैंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश के 37 जिलों के जिला अस्पताल में कब तक सीटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी। डिवीजन बैंच ने यह सवाल महाधिवक्ता पुरूषेन्द्र कौरव के उस जवाब के आधार पर मांगा है, जिसमें कहा गया कि प्रदेश के 51 में से 14 जिलों के जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगाई जा चुकी है। शेष जिलों में सीटी स्कैन मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है। डिवीजन बैंच ने राज्य सरकार को जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन के हर कैटेगरी में न्यूनतम रेट तय करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मई को नियत की गई है। यह जनहित याचिका एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि कटनी सहित प्रदेश के ज्यादातर जिला अस्पतालों में टेंडर के बाद भी सीटी स्कैन मशीन नहीं लगाई जा रही है। मामले की सुनवाई के दौरान कटनी सहित 5 जिलों के जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगा दी गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता योगेश सोनी ने आवेदन दायर कर कहा कि 15 फरवरी 2021 को राज्य सरकार के जवाब में कहा गया था कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने वाले गरीबी रेखा के ऊपर वालों से 933 रुपए लिया जाएगा। बीपीएल, दीनदयाल और आयुष्मान कार्ड वालों का सीटी स्कैन निःशुल्क किया जाएगा। श्री सोनी ने कहा कि जिला अस्पताल में गरीबी रेखा से ऊपर वाले मरीजों से 2500 रुपए वसूले जा रहे हैं। डिवीजन बैंच ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है।



# कोरोना संक्रमण को रोकने हेतु सैनेटाइजेशन

**कटनी।** रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों सहित, सार्वजनिक स्थलों में सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डो के रहवासी स्थलों की मुख्य एवं अन्य गलियों के तहत जय प्रकाश वार्ड स्थित नई बस्ती डॉ ब्रम्हा जसूजा गली, आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर, काकरू मोहल्ला, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर एवं चन्द्र भान गली, एन.के.जे मुक्तिधाम गली, बजरंग कॉलोनी, नया गांव सहित अन्य स्थलों में छिडकाव का कार्य कराया गया। पंकज निगम सैनेटाईजर प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक चलाये जानें वाले सैनेटाईजेशन अभियान के तहत रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित पडरवारा में संतोष श्रीवास गली सहित वार्ड की अन्य समस्त गलियों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से छिडकाव कार्य किया गया। मिस्ट गन मशीन के माध्यम से अमीरगंज के मुख्य मार्ग, वंशस्वरूप वार्ड स्थित चंदी की दफाई, दिलावर गली, टॉवर गली, नेन्सी स्कूल गली सहित मुलमान बस्ती, सी.एल.पी पाठक वार्ड में दुर्गा मंदिर के पास, विवेकानंद वार्ड स्थित लखेरा टिकरिया स्कूल, स्कूल पहुंच मार्ग गली एवं बस्ती सहित नगर के अन्य रहवासी एवं सार्वजनिक स्थलों में सोडियम हाइपोक्लोराईड के घोल से विसंक्रमितिकरण की कार्यवाही की गई।

# कोरोना संक्रमण की स्थिति सामान्य होने पर होंगी 12वीं की परीक्षाएं



### माशिमं ने किया स्पष्ट, अब सीबीएसई के विघार्थियों को निर्णय का इंतजार

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12 वीं के विद्यार्थियों को थोड़ी राहत मिली है कि परीक्षाएं अब स्थिति सामान्य होने पर होंगी। इससे विद्यार्थियों की परेशानी कुछ कम तो हुई है लेकिन अभी भी परीक्षा का टेंशन तो बना ही हुआ है। एक ओर जहां एमपी बोर्ड से ये खबर आई है वही सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थी अभी भी निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। विद्यार्थियों और स्कूल प्रशासन से हुई बातचीत पर यह तो पता चल गया है कि विद्यार्थी 12वीं की परीक्षा देना तो चाहते हैं पर अभी नहीं। शिक्षकों ने बताया कि कोरोना के इस संक्रमण काल में परीक्षा का आगे बढ़ा दिया जाना सही है। इससे सभी को राहत मिली है। लेकिन विद्यार्थियों के आगे को पढ़ाई पर जरूर कुछ असर पड़ सकता है। परीक्षाएं जब भी होंगी सभी को सावधानी रख कर काम करना होगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो परीक्षा की तैयारी के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी करते रहें।

### क्या कहना है विघार्थियों का

12वीं के विद्यार्थी अमन पटेल ने बताया कि उन्हें पता चला कि परीक्षाएं स्थिति सामान्य होने पर होंगी। सच बताएं तो इस समय में परीक्षा होने पर टेंशन तो बहुत होता। इसलिए आगे बढ़ने पर खुशी है लेकिन अभी भी ये नहीं पता कि परीक्षा होंगी कब। जो प्रतियोगी परीक्षाएं हैं उनके होने की भी अभी कोई तिथि घोषित नहीं कि गई है। सभी को स्थगित कर दिया गया है। इसलिए विद्यार्थियों के बीच असमंजस की स्थिति तो बनी हुई है। एक अन्य विद्यार्थी उन्नति तिवारी ने बताया कि अभी कुछ भी पता नहीं है कि नीट कब होगी या जेईई कब होगी। कुल मिलाकर हम लोग इसी तनाव में रहेंगे की कभी भी परीक्षा हो सकती है। 12वीं की परीक्षा का होना बहुत जरूरी है। इससे आगे की पूरी पढ़ाई पर असर पड़ेगा।

# खतरे में पड़ सकती है एक लाख बच्चों की जान

### 6 में से 5 पद खाली, कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर करेगी बच्चों को प्रभावित



**कटनी।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर और बच्चों के संक्रमित होने की आशंका के बीच बड़ा सवाल यह है कि इस चुनौती से निपटने के लिए आखिर हम कितने तैयार हैं। कटनी जिला चिकित्सालय में बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर के 6 में 5 पद खाली है। यहां एक ही विशेषज्ञ चिकित्सक के भरोसे बच्चों के इलाज का दारोमदार है। संसाधनों की स्थिति यह है कि पिड्रियाट्रिक इंटेंसिव केयर (पीआइसी) बाल चिकित्सा गहन देखभाल की तैयारी पत्राचार तक ही सीमित है। चिकित्सकों के अन्य पद भी जरूरत अनुरूप नहीं है। दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा के हालात और बदतर हैं। किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों के इलाज के लिए अलग से व्यवस्था नहीं है। कोरोना के तीसरी लहर के बीच आशंका जताई जा रही है कि बच्चों में संक्रमण फैला तो एक हजार बच्चों को बेड की जरूरत पड़ सकती है। इसमें अधिकांश बच्चों को ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड और आइसीयू की भी जरूरत पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

**जिला चिकित्सालय में मात्र एक शिशु रोग विशेषज्ञ**

### बेड बढ़ाने की तैयारी प्रारंभ- सीएमएचओ

सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया का कहना है कि जिला अस्पताल में आइसीयू बेड बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। पीआइसी के लिए पत्र लिखे हैं। स्वीकृति मिलते ही दस बेड का पीआइसी चालू होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दस-दस बेड ऑक्सीजन सपोर्टेड होंगे। जरूरत पड़ने पर बच्चों को इन्ही में इलाज की सुविधा मिलेगी। बच्चों के लिए अलग से उनके साइज का लॉजिस्टिक मटेरियल का स्टॉक रख रहे हैं।

### वर्तमान सुविधाओं पर एक नजर

10 बेड का एससीएनयू वार्ड है जिला चिकित्सालय में जहां नवजात शिशुओं की देखभाल की जाती है। 10 बेड का बच्चा वार्ड है। इमरजेंसी के लिए पीआइसी यूनिट और विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत पड़ेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमीं है। आयुष डॉक्टरों से इलाज की तैयारी है।



# दाऊजी गुप्ता की श्रद्धांजलि सभा

**कटनी।**

अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, 50 से अधिक पुस्तकों के लेखक, लखनऊ नगर के 3 बार रह मेयर रह चुके, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व सदस्य, विश्व की विभिन्न संस्थाओं के रह चुके पदाधिकारी दाऊजी गुप्ता के विगत दिनों आकस्मिक निधन पर उनके सुपुत्र पद्मेश गुप्ता द्वारा जूम मीटिंग के तहत 19 मई को सायं 3 बजे से 7 बजे तक संचालित श्रद्धांजलि सभा में करीब 150 देश-विदेश से विभिन्न संस्थाओं, विभिन्न धर्मावलंबियों, एवं विभिन्न समाजसेवियों ने भाग लिया एवं उनके साहित्यिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं शोध कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनकी याद को बनाये रखने योग्य उपयुक्त कार्य करेंगे। कटनी से श्रद्धांजलि सभा में शामिल रामदयाल गुप्ता ने बताया कि उनकी अध्यक्षता काल में मुझे भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहने का अवसर मिला एवं बहुत कुछ सीखने को मिला। दाऊजी गुप्ता की उपस्थिति में ही मप्र के तत्कालीन राज्यपाल श्री यादव ने मेरी पुस्तकशभगवानश्राम की आत्मकथा का विमोचन किया था। मप्र में कसौधन समाज द्वारा ढट लगातार 16 वर्षो तक आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में दाऊजी गुप्ता की उपस्थिति प्रमुखता से रही। कसौधन वैश्य महासभा मप्र के संरक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों ने निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# संक्रमण के कारण ट्रेनों से दूरी बना रहे यात्री

## दिल्ली जाने वाली ट्रेनें 90 फीसद तक खाली, रद्द हो सकती हैं ट्रेनें

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में ट्रेनों का संचालन बंद नहीं किया गया है। रेलवे इन दिनों यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने में जुटा हुआ है लेकिन अब यात्री ही ट्रेनों से दूरी बना रहे हैं। दरअसल इस बार रेलवे ने कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद ट्रेनों का संचालन बंद नहीं किया लेकिन अब ट्रेनों को यात्री न मिलने की वजह से एक-एक कर ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ रहा है। ओवरनाइट, अजमेर, अमरावती समेत इंटरसिटी ट्रेन को बंद करने के बाद अब जबलपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को बंद करने की तैयारी शुरू हो गई है।

### कोटे की 80 से 90 फीसदी सीटें खाली

इस रूट पर चल रही ट्रेनों को यात्री नहीं मिल रही। हालात यह है कि कटनी होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सभी कोटे की 80 से 90 फीसदी सीटें खाली हैं।



### संपर्क क्रांति को भी नहीं मिल रहे यात्री

दरअसल दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं अब लाकडाउन भी लगा दिया गया है। कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए लोगों ने अब ट्रेनों में सफर करना बंद कर दिया है। अति आवश्यक होने पर ही वे यात्रा कर रहे हैं। रोजाना जाने वाली तीन ट्रेनों की अधिकांश सीटें खाली हैं। वहीं सप्ताह में तीन दिन चलने वाली संपर्क क्रांति का भी यही हाल है।

### दो और ट्रेन रद्द करने की तैयारी

जबलपुर से कटनी होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में हमेशा खाली सीट मिलना मुश्किल होता था। इस रूट पर छह ट्रेनें चलती थी, जिसमें तीन नियमित और दो वीकली और एक सप्ताह में तीन दिन चलती है लेकिन इनमें से पहले ही दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। अब जो चार जबलपुर से चल रही हैं उनमें भी पिछले एक माह से महज 10 से 20 फीसदी यात्रियों को लेकर चल रही हैं। यही वजह है कि रेलवे अब इस रूट पर चल रही चार ट्रेनों में से दो को रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

# ब्लैक फंगस और तीसरी लहर की दहशत के बीच घटा पॉजीटिविटी रेट

## 10 दिनों में 15 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत के नीचे आई संक्रमण की दर

**यश भारत पड़ताल**

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की दर 6 प्रतिशत के नीचे आ गई है। पिछले 10 दिनों में पॉजीटिविटी रेट तेजी से घटा है। अप्रैल महीने की बात करें तो एक समय जिले में संक्रमण की दर 40 प्रतिशत को पार कर गई थी लेकिन मई का महीना शुरू होते ही पहले 20 प्रतिशत फिर 10 प्रतिशत से घटकर आज 5.78 प्रतिशत हो गई है, हालांकि पिछले 10 दिनों में मिले पॉजीटिव केस के आधार पर संक्रमण की दर 9 प्रतिशत के आसपास है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इसे राहत के तौर पर देख रहे हैं लेकिन इसके बावजूद लोगों से सतर्कता और सावधानी के साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। संक्रमण की दर घटने के साथ ही राहत की बात यह भी है कि इस दौरान ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है और कोरोना से होने वाली मौतों में भी कमी आई है। सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन में पिछले 6 दिनों से एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है। संक्रमण की रोकथाम के लिए पिछले एक महीने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ ही लोगों द्वारा बरती जा रही सावधानियों के चलते ही संक्रमण की दर में कमी देखने को मिल रही है। जिले में अभी 24 मई की सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लागू किया गया है। कोरोना संक्रमण से राहत के साथ ही जिले में अब ब्लैक फंगस ने नई मुसीबत पैदा कर दी है। सूत्रों के मुताबिक ब्लैक फंगस के जिले में अब तक तीन केस सामने आ चुके हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में एक ही केस है। इसके अलावा तीसरी लहर की चेतावनी ने भी दहशत पैदा कर रखी है। कुल मिलाकर फिलहाल कोरोना संक्रमण से राहत मिलती नजर आ रही है।

**8490 की सेम्पलिंग, 771 पॉजीटिव, 1335 डिस्चार्ज और 13 की मौत**



### 58 नए केस, 124 को डिस्चार्ज

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे में जिले में 1003 लोगों की जांच में 58 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। इस तरह अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हजार 201 हो गई है। पिछले 24 घंटे में 124 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है और अब तक 8 हजार 365 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटे में एक भी मौत हुई है।

### 10 दिनों में 8 हजार से ज्यादा की सेम्पलिंग

पिछले 10 दिनों में 8 हजार 490 लोगों की सेम्पलिंग की गई है। इस तरह हर दिन औसतन 800 से ज्यादा लोगों की जांच की गई है। इसमे 771 लोगों की रिपोर्ट पॉजीटिव होने की पुष्टि हुई है। 11 मई से लेकर 20 मई तक के आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो इन 10 दिनों में एक ही बार शतक से ज्यादा केस मिले हैं। इसके बाद हर दिन पॉजीटिव केस की संख्या घटी है। सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक 11 मई को जहां संकमण की दर 15.67 प्रतिशत थी तो हर दिन घटते हुए ये आज 5.78 तक आ गई है।

### शहर में नहीं हो रही आरटी-पीसीआर की जांच

संक्रमण की दर में कमी आने के पीछे जानकार आरटी-पीसीआर की जांच नहीं होने को कारण मान रहे हैं। जानकारों का कहना है कि रेपिड एंटीजन टेस्ट की बजाए आरटी-पीसीआर की जांच ज्यादा विश्वसीनय होती है लेकिन शहरी क्षेत्रों में आरटी-पीसीआर की जांच नहीं हो रही है। जिससे स्वास्थ्य विभाग के इन आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

### पिछले 10 दिनों में जिले में पॉजीटिव केस, सेम्पलिंग, डिस्चार्ज और मौतों की जानकारी

| तारीख | पॉजीटिव | सेम्पलिंग | संक्रमण दर | डिस्चार्ज | मौत |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 मई | 105 | 670 | 15.67 | 112 | 03 |
| 12 मई | 69 | 537 | 12.84 | 114 | 04 |
| 13 मई | 96 | 830 | 11.56 | 232 | 03 |
| 14 मई | 70 | 736 | 9.51 | 125 | 03 |
| 15 मई | 73 | 836 | 8.73 | 131 | 00 |
| 16 मई | 74 | 916 | 8.00 | 145 | 00 |
| 17 मई | 70 | 909 | 7.77 | 131 | 00 |
| 18 मई | 80 | 989 | 8.00 | 113 | 00 |
| 19 मई | 76 | 1064 | 7.14 | 108 | 00 |
| 20 मई | 58 | 1003 | 5.78 | 124 | 00 |
| योग | 771 | 8490 | 9 प्रतिशत | 1335 | 13 |

**अब तक कुल पॉजीटिव केस 9210**
**24 घंटे में ठीक हुए मरीज 124**
**अब तक कुल ठीक हुए मरीज 8365**
**अब तक मौतें 79**
**आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार**

### 1300 से ज्यादा लोगों ने दी कोरोना को मात

राहत की बात यह है कि पिछले 10 दिनों में जिले में एक हजार 335 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। 11 मई से लेकर 20 मई तक हर दिन एक सैकड़ा से अधिक लोगों को ठीक होने के बाद जिला चिकित्सालय एवं कोविड केयर सेंटरों से छुट्टी दी गई है। हेल्थ बुलेटिन के 15 मई के बाद से एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है, हालांकि निजी चिकित्सालयों में होने वाली मौतों की जानकारी सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन में दर्ज नहीं की जा रही है। जिससे मौतों के आंकड़े छिपाने के आरोप स्वास्थ्य विभाग पर लग रहे हैं।



# बांस की टोकरी बनाने वाले थे संकट में, पुलिस ने मदद के साथ किया सम्मान

### बरही थाना पुलिस ने वृद्ध महिलाओं का किया सम्मान

**कटनी/बरही।** मिशन सम्बल के तहत जिले के अंतिम छोर में बसे मिडरा के ग्रामीणों को पुलिस ने राशन सामग्री वितरित करने के साथ ही वृद्ध महिलाओं को साड़ी भेंटकर उनका सम्बल बढाया। जरा हटकर अलग अंदाज में खितौली चौकी प्रभारी जीबी चतुर्वेदी ने जरूरतमंदों की मदद की। बरही थाना कोतवाल संदीप अयाची थाना क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे मिडरा के ग्रामीणों को जरूरत की सामग्री भेंट करने के साथ वृद्ध महिलाओं का सम्मान कियाए उनकी समास्याए सुनी। संकट के समय सभी को धैर्य रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक अजय पाठक सेवा कार्य मे जुटे रहे।

### बांस की टोकरी बनाने वालों पर था संकट

डेढ़ माह से लगे कोरोना कर्फ्यू के बीच बांस की टोकरी बनाकर परिवार का पोषण करने वाले मिडरा में बसे इन गरीबो के पास रोजी रोटी का संकट है, जिसे उबारने के लिए यहां के 25 जरूरतमंद परिवारों को पुलिस ने मदद पहुँचाकर उनका सम्बल बढाया। सामग्री पाकर दीन.हीन ये गरीब पुलिस के इस परोपकार की सराहना करते हुए कहा रहे थे कि साहब पूरा व्यापार चौपट है, जिससे किसी तरह नमक-रोटी में गुजारा चल रहा है।

# धारदार हथियार से गला रेत कर घर में अकेली किशोरी की हत्या

### बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कांटी की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कांटी में घर में अकेली एक 15 वर्षीय किशोरी की धारदार हथियार से गला रेंत कर हत्या कर दी गई। बुधवार की दोपहर खेत से जब परिजन लौटे और घर के अंदर गए तो बेटी की लाश देखकर अवाक रह गए। शोर-शराबा किया तो आसपड़ोस के लोग भी एकत्रित हो गए। उधर सूचना मिलने पर बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पीएम कराते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि ग्राम कांटी निवासी 15 वर्षीय पूनम प्रजापति पिता पप्पू प्रजापति बुधवार की सुबह घर पर अकेली थी। परिजन खेत गए हुए थे। जब वे खेत से लौटे तो पाया कि घर के अंदर बेटी का शव पड़ा है। उसके गर्दन में गंभीर चोट है। तत्काल पुलिस को सूचना दी। बड़वारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। किशोरी की हत्या किसने की है व मौत किन परिस्थितियों में हुई है अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है।



### 19 मई को जिले में 31.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मई को 31.6 मिमी वर्षा जिले में दर्ज की गई है। तहसीलवार वर्षा में कटनी तहसील में 42.2 मिमी, रीठी तहसील में 24.0 मिमी, बड़वारा तहसील में 60.0, बरही तहसील में 36 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील 41.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 14.6, स्लीनाबाद तहसील में 17.0 और ढीमरखेड़ा तहसील में 18 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की कुल सामान्य वर्षा 1124.4 मिमी है।

# अमकुही पहाड़ी में हुई लूट का खुलासा

### चाकू अड़ाकर दो युवक व एक किशोर ने दिया था अंजम



**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत आने वाले अमकुही की पहाड़ी में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि 9 मई की रात अमकुही निवासी प्रभात द्विवेदी जब घर से खेत की ओर जा रहे थे। उसीदौरान पहाड़ी पर धर्मकांटा एवं मिल के पास तीन अज्ञात मोटर साइकिल चालकों ने प्रभात को रोका और रास्ता पूछा। इतने में उसके 2 साथी उन्हें घेर लिए और चाकू के बल पर उनसे सोने की चैन, तीन अंगूठी एवं नगद रुपए, मोबाइल फोन सहित मोटर साइकिल की चॉबी लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने लगभग ढाई लाख रुपये की लूट की थी। इसी दिन अजय रजक के साथ भी लूट हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने थाना प्रभारी संजय दुबे को तत्काल मामले की विवेचना करने व आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए। जिसके बाद माधवनगर पुलिस ने हाथ-पैर चलाना शुरू किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को दबोच लिया। इस वारदात को भट्ठा मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय आशुतोष उर्फ कुनाल, 21 वर्षीय अभिषेक उर्फ छोटू वंशकार सहित एक किशोर ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान बरामद किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में माधवनगर, रंगनाथ नगर पुलिस सहित साइबर सेल की सक्रिय

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपियों की गिरफ्तारी में झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी, रश्मि सोनकर, उपनिरीक्षक के के पटेल, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, राजेश सिंह, रमाकांत तिवारी, आरक्षक रामेश्वर सिंह, आशीष श्रीवास, अविनाश सिंह, रवीद्र दुबे, आदर्श सिंह बघेल, अमरजीत, गोविंद पड़रहा, अमित पांडे, भानु पांडे व रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, मनोज कुडापे, आरक्षक गणेश चौहान तथा साईबर सेल के उपनिरीक्षक नीरज दुबे, आरक्षक सत्येंद्र, चंदन, प्रशांत व शुभम सोनी की भूमिका सराहनीय रही।

# उमरियापान में 10 लाख के पान बरेजा हुए जमीदोज

### पान कृषकों पर संकट का टूटा पहाड़

**उमरियापान।** उमरियापान में कल शाम 4 बजे से 5 बजे तक एक घंटे की बारिश के साथ तेज आंधी तूफान चलने से सैकड़ों पारी पान बरेजे धराशायी हो गए। जिससे चौरसिया समाज के पान किसानों को लाखों रुपये की क्षति हुई है। बारिश और तेज तूफान रुकने के बाद शाम 6 बजे पान कृषक अपने अपने पान बरेजा पहुंचे तो नजारा देख सदमे में आ गए हर तरफ पान बरेजा धराशायी नजर आ रहे थे। बारिश के साथ तेज आंधी तूफान की चपेट में आकर 300 से 400 पारी पान बरेजा जमीदोज हो गए। पान कृषकों ने बताया की 1 पारी पान बरेजा तैयार करने में 4 हजार रुपए की लागत आती है। 300 से 400 पारी पान बरेजा गिरने से 10 से 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जिन किसानों को थोड़ा बहुत ही नुकसान हुआ वो किसान आज सुबह से ही एकजुट होकर पान बरेजों की बांस की बनी टटियों को उठाकर पुनरू सही करने में लगे रहे। आए दिन आंधी तूफान आनेए कोहरा पड़ने व ओलावृष्टि से पान की फसलें बर्बाद हो जाती है। जिस कारण काफी संख्या में पान किसानों ने पान की खेती अपना पुश्तैनी कारोबार छोड़कर अन्य कार्य अपना लिए हैं। पान बरेजा तो करीब 30 से 40 किसानों के गिरे हैं। जिसमें बटपराए बंगरा हार में मिश्री 18ए करिया 8ए सोमनाथ 12ए दुर्गाई 8ए बोले 18ए मोतीलाल 9ए निमहाई हार में मदन मुन्ना 7ए गुरही हार में मारूए दम्मी 30ए लल्लू 10ए मन्नू 10ए राकेश 20ए संतोष 20ए कशहा हारए किशोरी मंकू 10ए लल्लू भन्नु 6ए कड़ोरी 11ए कंधीए संजू 8ए अन्नू 20 पारी पान बारजे गिरे हैं। फिलहाल इतने किसानों की जानकारी लग पाई है अन्य किसानों की जानकारी नहीं लग पाई है।








# बिजली करेंट की चपेट में आए महिला व प्रौढ़ की मौत

### बाकल व बरही में घटना, पुलिस जांच में जुटी

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पटीराजा के ग्राम छुरिया निवासी 40 वर्षीय राजकुमारी पति कौशल सिंह पटैल के ऊपर 11 केवी बिजली के तार टूट कर गिर गई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। महिला घर के छत के ऊपर तेंदू के पत्ता की गड्डियां सूखने के लिए डाली थी। उसीदौरान खराब मौसम के चलते वह उन्हें इकत्रित करने छत के ऊपर गई। तभी जर्जर हालत में तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया, जिससे करंट की चपेट में आने से महिला की तत्काल मौत हो गई। इसीप्रकार बरही थाना अंतर्गत ग्राम सलैया सिहोरा में ग्राम बरवाही निवासी 50 वर्षीय बाबू उर्फ राजेश पिता मंधर कुशवाहा की भी बिजली करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)